कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.02.2025

विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मोबाइल स्नैचिंग के मामले में वांछित 02 नफ़र अभियुक्त गिरफ्तार तथा 02 नफ़र बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से छीना गया 01 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/छिनैती के अनावरण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-120/2025 धारा 304(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्तगण 1. पंकज चौहान पुत्र वाल्मीकि चौहान निवासी नरायणपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी व 2. राहुल यादव पुत्र करिया यादव निवासी कादीपुर खुर्द थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से दिनांक-26.02.2025 को समय करीब 21.35 बजे गिरफ्तार किया गया तथा 02 नफ़र बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तगण व बाल अपचारियों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित छीना गया 01 अदद मोबाईल फोन व घटना में प्रयुक्त वाहन 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 25.02.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-23.02.2025 को रात के करीब 8 बजे सत्या मार्का भट्ठा के कुछ आगे अचानक हीरो स्पलेण्डर प्लस गाड़ी पर चार लड़के आये और वादी मुकदमा/प्रार्थी की पॉकेट में रखा विवो कम्पनी का मोबाइल झपट्टा मारकर लेकर भाग गये जिसका IMEI नं0-1. 866750077565193 व IMEI नं0-2. 866750077565185 है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-120/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 टुन्नू सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण/बाल अपचारियों का विवरण-

1. पंकज चौहान पुत्र वाल्मीकि चौहान निवासी नरायणपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र 21 वर्ष।
2. राहुल यादव पुत्र करिया यादव निवासी कादीपुर खुर्द थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।
3. अभिरक्षा में लिए गये 02 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष व उम्र 16 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर वाराणसी से, दिनांक-26.02.2025 को समय करीब 21.35 बजे।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मोबाइल वीवो Y300 (5G), मॉडल V2416 जिसका IMEI NO. 1-866750077565193 व IMEI NO. 2-866750077565185 व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रजि0 नं0-UP65EZ1069 चेचिस नंबर MBLHAW235PHJ95986 ।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 120/2025 धारा 304(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 टुन्नू सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 दुर्गेश मिश्रा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. आरक्षी गुलशन कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. आरक्षी अमित कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
7. आरक्षी शशि कुमार सरोज थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।